अधिनियम, 1979, बीड़ी कर्मकार कल्याण निधि अधिनियम, 1976 आदि। संबंधित कल्याण निधियों के अंतर्गत शुरू किए गए कल्याण कार्यक्रमों के अंतर्गत लौह अयस्क, मैंगनीज अयस्क, क्रोम अयस्क, चूना पत्थर, डोलोमाइट और अभ्रक खानों, सिनेमा उद्योग तथा बीडी उद्योग में लगे कर्मकारों को भी शामिल किया जाता है। राज्य सरकारों ने भी हथकरघा बुनकरों, रिक्शा चालकों आदि जैसे विशिष्ट कार्यकलापों में लगे कर्मकारों की बड़ी संख्या को शामिल करके बीमा तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं भी प्रारम्भ की हैं। असंगठित कामगारों के नियोजन की गुणवता और कार्यपरिस्थितियों में सुधार, किया जाना सरकार के लिए महत्वपूर्ण चिन्ता का विषय बना हुआ है।

जहां तक नए सिरे से नीतिगत पहलों का संबंध है, केन्द्रीय सरकार ने असंगठित कामगारों को नियोजित करने वाले कृषि क्षेत्र के पश्चात् दूसरे सबसे बड़े एकल कार्यकलाप वाले निर्माण उद्योग में लगे कामगारों के हितों की रक्षा करने के लिए भवन और अन्य निर्माण कर्मकार (नियोजन का विनियमन एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 1976 अधिनियमित किया है। सरकार का यह भी प्रयास रहा है कि मौजूदा उपायों का संवर्धन किया जाए और कल्याणकारी उपायों का प्रावधान किया जाए तथा विधायी संरक्षण को असंगठित क्षेत्र के अधिक से अधिक कर्मकारों पर लागू किया जाए।

Decision to lease coal mines

*477. SHRI PREM CHAND GUPTA: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have taken a decision to lease coal mines in Australia to ensure a regular supply of coal; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI DILIP RAY) : (a) No. Sir.

(b) Does not arise in view of answer to part (a) of the question.

Reversing sharp fall in Exports

*478. SHRI NARENDRA MOHAN: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether he has asked the banks and trade bodies to draw up a joint strategy to reverse the sharp 17% fall in exports to East Asia in 1997-98 and step up investments;

(b) if so, whether any guidelines have been issued for liberalisation of credit facilities; and

(c) what are the other measures being adopted to boost exports?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI RAMAKRISHNA HEGDE): (a) to (c) In view of the situation arising out of the financial and currency turmoil in some of the Fast Asian countries, meeting was convened under the Chairmanship of the Commerce Minister on 17.6.98 with the representatives of RBI, financial institutions and Chambers of Commerce. In this meeting, it was observed that our exporters and industrialists should take appropriate steps to meet the new challenges and take advantage of the emerging opportunities in the East Asia and in order to acnieve the same, financial institutions, Exim Bank and ECGC may extend necessary support to the exporters and investors. It was also decided that a delegation consisting of representatives of trade, financial institutions and industry would visit identified East Asian countries to initiate a dialogue with their counterparts for formalising various institutional tie-ups.

कोयला कंपनियों में कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के मामले

*479. **श्री रामदास अग्रवाल:**
श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को वर्ष 1995-96, 1996-97 और 1997-98 के दौरान तथा अब तक, विभिन्न कोयला कंपनियों विशेषतया बी०सी०सी०एल०, सी०आई०एल०, डब्लू०सी०एल० तथा ई०सी०एल० में कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार तथा अन्य-अनियमितताओं के संबंध में सांसदों से कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं;